## न्यूज डायरी



### यूएन मिशन में तैनात भारतीय सैन्य अधिकारी की कयाकिंग हादसे में मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन में तैनात भारतीय सेना के एक अधिकारी की कयाकिंग हादसे में मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सोलंकी गोमा के पास कीवू झील के चेगेरा द्वीप के पास कयाकिंग (एक प्रकार का नौकायन) करते वक्त आठ सितंबर को लापता हो गए थे। इसमें शामिल भारतीय टीम के अन्य सदस्य सुरक्षित वापस लौट आए थे। गौरव कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सैन्यकर्मी अधिकारी के तौर पर तैनात थे। अधिकारी का पता लगाने के लिए गहन तलाश अभियान चलाया गया और उनका शव गुरुवार को झील से बरामद किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव के लापता होते ही उनकी सलामती के लिए हेलिकॉप्टर और स्पीड बोट से बचाव कार्य शुरू किया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका शव गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब झील में बरामद हुआ।

### फिलीपीन की राजधानी मनीला में भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। फिलीपीन में राजधानी मनीला के पूर्व में शुक्रवार को भूकंप आया जिससे भवन हिल गये और खौफजदा लोग सड़कों पर निकल आए। भूकंप से फिलहाल किसी नुकसान की खबर नहीं है। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूगर्भविज्ञान सर्वेक्षण के अनुसार पोलिलो द्वीप के समीप अपतटीय क्षेत्र में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। इस द्वीप पर घनी आबादी नहीं है। यह क्षेत्र मनीला से करीब 130 किलोमीटर दूर है। राजधानी में लोग कुछ देर के लिए भवनों से बाहर आ गये। ट्रेनें रोक दी गयी। बाद में चालक दल ने किसी नुकसान की आशंका से छानबीन भी की। मनीला की मकाटि जिले के बचाव कार्यालय के ट्रिशिया सेरवेंट्स ने कहा, '' हमारे पास भूकंप के सबंध में मदद के लिए कोई कॉल नहीं आया है और न ही आपात घटनाओं की खबर है।'' भूकंप का जहां केंद्र था वहां तो उसका जोरदार झटका महसूस किया गया लेकिन नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### सऊदी अरब में बुर्के से बाहर निकलना चाहती हैं महिलाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब में कुछ महिलाएं पारंपरिक बुर्का पहनना बंद कर रही हैं। रियाद के एक मॉल में बिना बुर्का पहने जब एक महिला गई तो उन्हें आते-जाते घूरती नजरों का सामना करना पड़ा और कुछ ने तो पुलिस बुलाने की धमकी भी दे दी। दरअसल इस इस्लामिक देश में पिछले साल प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने 'सीबीएस' के साथ साक्ष में कहा था कि ड्रेस कोड में छूट दी जा सकती है। उनका कहना था कि यह पोशाक इस्लाम में अनिवार्य नहीं है। लेकिन इसके बाद भी कोई औपचारिक नियम नहीं बनने के कारण यह चलन बरकरार है। हालांकि कुछ महिलाओं ने सोशल मीडिया पर कपड़े पर इस तरह के प्रतिबंध के खिलाफ आवाज भी उठाई और अपने अबाया से इतर पोशाक में तस्वीरें भी डालीं।

### मुगाबे का परिवार उन्हें नायकों के स्मारक में दफनाने के लिए सहमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हरारे। जिम्बाब्वे के पूर्व नेता रॉबर्ट मुगाबे के परिवार ने हरारे में राष्ट्रीय नायकों के लिए बनाए गए एक स्मारक में उन्हें दफनाने के लिए सहमति व्यक्त की है। परिवार ने शुक्रवार को यह बात कही। हालांकि अभी तक अंतिम संस्कार की तारीख स्पष्ट नहीं हो सकी है। मुगाबे का पिछले हफ्ते 95 वर्ष की आयु में सिंगापुर में निधन हो गया। मुगाबे ने जिम्बाब्वे में 37 साल तक शासन किया। 2017 में उनका तख्तापलट हो गया था। बुधवार को उनके शव को सिंगापुर से वापस लाये जाने के बाद उनके परिवार और राष्ट्रपति इमर्सन नान्गागवा में इस बात पर मतभेद हो गया था कि उन्हें कहां दफनाया जाए। इमर्सन पहले मुगाबे के ही सहयोगी हुआ करते थे, लेकिन बाद वह उनके विरोध बन गए थे। दिवंगत नेता के भतीजे लियो मुगाबे से संवाददाताओं ने पूछा कि क्या उनका परिवार हरारे में 'नेशनल हीरोज एकर' में उन्हें दफनाने के लिए सहमत हैं, तो उन्होंने कहा, ''हां, मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं।'

# इमरान खान ने माना कि पाक ने ही बोया आतंक का बीज

**कबूलनामा**

## बोले, अमेरिका की मदद से पाकिस्तान में मुजाहिदीनों की फौज बनाई गई

पाकिस्तान की सरजमीं पर ही आतंकवाद के बीज डाले गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान आखिरकार स्वीकार कर रहे हैं कि कई आतंकी संगठन उनकी जमीन पर पैदा हुए और उन्हें ट्रेनिंग दी गई। इमरान खान इन आतंकी संगठनों के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने कहा, 80 के दशक में जब सोवियत ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया तो इन मुजाहिदीनों को जिहाद के लिए तैयार किया गया। इसकी फंडिंग अमेरिका के सीआईए ने की। उन्होंने आतंक का ठीकरा अमेरिका पर फोड़ते हुए कहा, एक दशक के बाद जब अमेरिकी खुद अफगानिस्तान में आ गए तो यह जिहाद नहीं आतंकवाद हो गया। यह बड़ी विडंबना है। मुझे लगता है



कि पाकिस्तान को न्यूट्रल रहना चाहिए था क्योंकि इन संगठनों में शामिल होना हमारे लिए नुकसानदेह साबित हुआ और हमने अपने 70 हजार लोगों को खो दिया। हमें 100 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। इमरान ने कहा कि अंत में अमेरिकियों ने पाकिस्तान को नाकामी का सेहरा पहना दिया। यह पाकिस्तान के साथ बहुत बुरा हुआ।

**अमेरिका से पाकिस्तान का मोहभंग** बता दें कि कभी अमेरिका के साथ दोस्ती निभाने वाले पाकिस्तान का आज मोहभंग हो गया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पाकिस्तान कई देशों के दरवाजा खटखटा चुका है लेकिन हर जगह मुंहकी खानी पड़ी। इमरान खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से भी इस बारे में बात की थी। लेकिन इसके बाद फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने भी कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला हैं और पीएम मोदी जो भी करेंगे बहुत अच्छा होगा।

**इस्लाम के नाम पर ध्रुवीकरण के प्रयास में इमरानः** इमरान खान ने टीवी पर प्रसारित किए गए अपने भाषण में यह भी कहा कि आज बड़े देश उनकी सहायता के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, आज कमजोर की कोई सुनने वाला नहीं है।

इमरान खान अमेरिका जैसे देशों का सपोर्ट न पाकर दुनियाभर में इस्लाम के नाम पर ध्रुवीकरण करने का भी पैतरा अपना चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि दुनिया के सभी इस्लामिक देशों के साथ आना चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान सरकार ने यूएई में पीएम मोदी के सम्मान पर भी नाराजगी जताई थी और सीनेट के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यूएई यात्रा रद्द कर दी थी।

## अमेरिकी दौरे में राष्ट्रपति ट्रंप से दो बार मिलेंगे इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले सत्र में हिस्सा लेने के लिए इस माह के आखिर में अमेरिका जा रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के साथ दो बार मुलाकात का मौका मिल सकता है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल की खबर में बताया गया है कि खान के कार्यक्रम के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात दोपहर के भोजन पर होगी, जबकि दूसरी मुलाकात चाय पर होगी। खबर में कहा गया है कि अमेरिकी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री की होने वाली बैठकों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। इमरान संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74 वें सत्र में भाग लेने के लिए 21 सितंबर को न्यू यॉर्क पहुंचेंगे। वह 27 सितंबर को यूएनजीए को संबोधित करेंगे। अगस्त 2018 में पद संभालने के बाद से यह उनका पहला यूएनजीए सत्र होगा। वह विश्व के अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे और फिर से कश्मीर के मामले में भारत पर बनावटी आरोप लगाने की कोशिश करेंगे। यह खान की अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। जुलाई में, खान ने ट्रंपके साथ एक बैठक की थी, जिसके दौरान उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ बनने की पेशकश की थी लेकिन उनकी दाल नहीं गली।



## यहूदी किशोरी की डायरी का प्रकाशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान लिखी जर्मन यहूदी किशोरी एना फ्रंक की डायरी ऑफ अ यंग गर्ल आज भी सबसे लोकप्रिय किताबों में से एक है। अब एक यहूदी किशोरी की डायरी मिली है जिसका जल्द प्रकाशन होने जा रहा है। पोलिश यहूदी किशोरी की नाजियों ने उसकी डायरी प्रकाशित होने से पहले ही हत्या कर दी थी। दशकों के इंतजार के बाद अब यह डायरी 19 सितंबर को प्रकाशित होने जा रही है। यह डायरी न्यू यॉर्क की एक बैंक में सुरक्षित रही और अब जल्द प्रकाशित होने वाली है। माना जा रहा है कि इस किशोरी की डायरी की तुलना जर्मन यहूदी लेखिका एना फ्रंक की डायरी ऑफ अ यंग गर्ल से जरूर होगी।

# वैज्ञानिकों ने खोजी एक और पृथ्वी, जीवन की संभावनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■वायुमंडल में पानी है और जीवन की संभावनाएं हैं

लंदन। लंबे समय से वैज्ञानिक इस खोज में लगे हैं कि क्या पृथ्वी के अलावा किसी और ग्रह पर भी जीवन मौजूद है। पहली बार वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ग्रह की पहचान की है जिसके पास प्रचुर मात्रा में पानी हो सकता है। अगर पानी है तो जीवन की भी उम्मीद है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अपने सौरमंडल से बाहर स्थित इस ग्रह के वातावरण में पानी है और यह पृथ्वी से काफी मिलता जुलता है। यह ग्रह पृथ्वी से 100 प्रकाशवर्ष दूर है और सूर्य के जैसे ही एक ड्वार्फ स्टार का चक्कर लगा रहा है। पृथ्वी की तुलना में इसका भार आठ गुना हो सकता है।

अब तक जन ग्रहों की खोज हुई है उनमें से ज्यादातर गैस जायंट हैं जहां जीवन संभव नहीं है। कुछ ग्रह चट्टानों से बने हैं और उनका कोई वायुमंडल नहीं है। अगर कोई ग्रह पृथ्वी के जैसा पाया भी जाता है तो उसकी तारे से दूरी इतनी है कि या तो पानी वाष्प के रूप में हो सकता है, या बर्फ के रूप में। लेकिन के2-18बी नाम के इस ग्रह के पास जीवन लायक स्थितियां हैं। यह अपने तारे से न तो बहुत दूर है और न ही बुध की तरह बहुत पास। नेचुरल ऐस्ट्रोनॉमी नाम जर्नल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इस ग्रह पर पानी हो सकता है। अब तक खोजे जा चुके 4000 ग्रहों में से यह पहला ग्रह है जिसकी सतह ठोस है और जिसके वायुमंडल में पानी होने की संभावना पाई गई है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिक जियोवाना टिनेटी ने कहा कि हमारे सौरमंडल से बाहर यह ऐसा ग्रह है जिसपर रहने की अनुकूल परिस्थितियां हैं। उन्होंने कहा कि अभी यह नहीं बताया जा सकता कि इस ग्रह पर समंदर है या नहीं लेकिन ऐसा हो भी सकता है। इस स्टडी के मुख्य लेखक ने कहा, दूसरा सच यह भी है कि हम अभी इतनी दूर नहीं जा सकते हैं और इस स्थिति में यह फिक्शन से ज्यादा कुछ नहीं है।

## बिजनस ट्रिप पर सेक्स के दौरान मौत कोर्ट ने कहा- कंपनी की जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। किसी बिजनस ट्रिप के दौरान अगर कोई अपने निजी पल बिताता है और किसी वजह से उसकी मौत हो जाती है तो क्या इसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी? फ्रांस में एक ऐसा ही मामला सामने आया और कोर्ट ने मौत का जिम्मेदार कंपनी को ठहराते हुए परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल एक अजनबी महिला से सेक्स के दौरान एम जेवियर नाम के शख्स की हार्ट आटैक से मौत हो गई। जेवियर रेल इंजिनियरिंग कंपनी में काम करते थे और 2013 में एक बिजनस ट्रिप पर लॉइरट गए थे। एक रात अपने होटल लौटने से पहले वह महिला के घर गए और सेक्स के दौरान ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने कहा की जेवियर की मौत की जिम्मेदारी रेल इंजिनियरिंग कंपनी की है जिसमें वह काम करते थे लेकिन उस कंपनी ने कहा कि वह बिजनस के अतिरिक्त अपने निजी पल बिता रहे थे और इस दौरान कंपनी द्वारा बुक कराए गए होटल में भी नहीं ठहरे थे। मामला कोर्ट में गया और मई में अपना फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने भी इंश्योरेंस कंपनी के फैसले को बरकरार रखा।